मूल्य 1

वर्षः 14 - अंक : 343, मुंबई, सोमवार, 31 मार्च, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




## सूचना


आप सभी को सूचित किया जाता है कि ईद-उल-फितर के अवसर पर 31 मार्च 2025 को दै. मुंबई हलचल का कार्यालय बंद रहेगा। अतः दै. मुंबई हलचल का अगला संस्करण 2 अप्रैल 2025 को प्रकाशित होगा। सभी पाठकों व विज्ञापनदाताओं को ईद-उल-फितर की बहुत-बहुत मुबारकबाद – संपादक

# EID MUBARAK



# कामरा की बढ़ीं मुश्किलें

## मुंबई पुलिस ने दर्ज कीं 3 नई एफआईआर, क्या आज होंगे पेश



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** जहां एक तरफ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर विवादित टिप्पणी करने वाले स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें अब और बढ़ चुकीं हैं। वहीं इस बाबत खार पुलिस ने कामरा के खिलाफ तीन और केस दर्ज किए हैं। इसके साथ ही मुंबई पुलिस ने कामरा को आज यानी 31 मार्च को पेश होने को कहा है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# इस गर्मी होगा भारी घाटा, फसलों में हुआ नुकसान

## खेतों में आई दरार, अब 1 अप्रैल से भूख हड़ताल पर बैठेंगे किसान

(समाचार पृष्ठ 3 पर)

# पेंटागन इवेंट्स एंड एक्टिवेशन्स ने एक शानदार इफ्तार/सुहूर समारोह का किया आयोजन




पेंटागन इवेंट्स एंड एक्टिवेशन्स के सह-संस्थापक रियाज सईद और खुशबू वैद ने सभी मेहमानों किया इस्तकबाल (समाचार पृष्ठ 7 पर)

# सुहैल खंडवानी, दिलशाद एस. खान और अजय एल. दूबे ने ईद पर दिया मुबारकबाद का संदेश



सुहैल खंडवानी



दिलशाद एस. खान



अजय एल. दूबे

**मुंबई।** ईद-उल-फितर का पावन पर्व खुशियों, मोहब्बत और भाईचारे का प्रतीक है। यह त्योहार रमजान के पाक महीने के बाद अल्लाह की रहमत और बरकत के रूप में हमें मिलता है। हाजी अली व माहिम दरगाह के ट्रस्टी सुहैल खंडवानी, दै मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय एल. दूबे ने सभी को ईद पर मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह दिन हमें सिखाता है कि हम अपने परिवार, दोस्तों और जरूरतमंदों के साथ अपनी खुशियाँ बाँटें और इंसानियत की सेवा करें। ईद सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि यह एक ऐसा मौका है जब हम गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाते हैं, रिश्तों को मजबूत करते हैं और समाज में प्रेम और शांति का संदेश फैलाते हैं। इस खास अवसर पर हमें चाहिए कि हम गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करें और उनकी दुआएँ लें। इस मुबारक मौके पर, मैं दिल की गहराइयों से आप सभी को ईद मुबारक कहता हूँ। अल्लाह आप सभी को सुख-शांति, समृद्धि और बेपनाह खुशियाँ दे। आपकी जिंदगी हमेशा हँसी-खुशी और तरक्की से भरी रहे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### फिर भारत पर तोहमत



**कनाडा के एक अखबार की रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि कंजरवेटिव पार्टी के नेता के चुनाव को प्रभावित करने के लिए भारत ने बड़ी रकम खर्च की थी। यह चुनाव 2022 में हुआ, जिसमें पियरे पॉलिवर नेता चुने गए।**

आम चुनाव कनाडा में होने वाले हैं और मुद्दा भारत बन गया है। वहां के एक अखबार ने रिपोर्ट छापी है कि कंजरवेटिव पार्टी के नेता के चुनाव को प्रभावित करने के लिए भारत ने बड़ी रकम खर्च की थी। यह चुनाव 2022 में हुआ, जिसमें पियरे पॉलिवर नेता चुने गए। ताजा रिपोर्ट ने पॉलिवर के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं, हालांकि उन्होंने सफाई दी है कि ऐसी किसी कोशिश का लाभ उन्हें नहीं मिला था। उनका दावा है कि वे स्वच्छ प्रक्रिया से नेता निर्वाचित हुए। कनाडाई मीडिया के मुताबिक ताजा रिपोर्ट का संबंध उस पुराने आरोप से है, जिसमें कहा गया था कि भारत कनाडा की अंदरूनी राजनीति को प्रभावित करने की कोशिश में जुटा रहा है। भारत ने हर ऐसे इल्जाम का सिरे से खंडन किया है। फिर भी कनाडा में यह मामला थोड़े-थोड़े समय पर गरमाता रहा है। अब यह तब चर्चित हुआ है, जब 28 अप्रैल को 343 सदस्यों वाले हाउस ऑफ कॉमन्स के चुनाव के लिए मतदान की घोषणा हो चुकी है। इस रिपोर्ट ने पॉलिवर की संभावनाओं पर नई चोट की है। अभी कुछ महीने पहले तक उनकी लोकप्रियता परवान चढ़ रही थी। तब यह मान कर चला जा रहा था कि वे कनाडा के अगले प्रधानमंत्री होंगे। मगर अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद डॉनल्ड ट्रंप ने कनाडा के खिलाफ जैसा आक्रामक तेवर अपनाया, उसने कनाडा के सियासी समीकरण बदल दिए हैं। यह विडंबना ही है कि एक समय पॉलिवर को कनाडा का ट्रंप कहा जाता था, लेकिन अब देश में बने माहौल के कारण उन्हें रोजमर्रा के स्तर पर ट्रंप विरोधी बयान देने पड़ रहे हैं। फिर भी उनकी लोकप्रियता संभल नहीं रही है। दूसरी तरफ लिबरल पार्टी ने मार्क कॉर्नी को चुन कर लगभग हाथ से निकल चुकी बाजी को संभाल लिया है। ऊपर से पॉलिवर पर ताजा रिपोर्ट की मार पड़ी है। ऐसे में अगले एक महीने में अगर माहौल में कोई नाटकीय बदलाव नहीं आया, तो एक समय बेहद करीब दिख रही प्रधानमंत्री पद की कुर्सी उनसे दूर ही बनी रह जाएगी। ऐसा हुआ, तो यह कंजरवेटिव पार्टी की लगातार तीसरी हार होगी।

# इस्लामी इतिहास की एक आदर्श ईद और उसका संदेश

**खलीफा हजरत उमर बिन अब्दुल अजीज और उनके बच्चों की ईद :** कल ईद होने वाली थी चारों ओर चहल-पहल दिखाई दे रही थी अमीर गरीब सभी अपनी-अपनी हैसियत के मुताबिक स्वादिष्ट सामग्रियां कपड़े वगैराह खरीद रहे थे यह मंजर देखकर खलीफा हजरत उमर बिन अब्दुल अजीज के बच्चे अपनी मां के पास आए और ठुमक कर बोल मॉ कल ईद है सब लोग नए कपड़े पहनेगे परंतु हमारे पास तो कोई नया कपड़ा नहीं है प्रत्येक कपड़े में जोड़ लगे हैं हम ईदगाह कैसे जाएंगे हमारे लिए भी नए कपड़े बनवा दीजिए ना बेटे ईद का मकसद यह नहीं कि नए कपड़े पहने जाएं सवादिषट भोजन किए जाए अपितु यह उन लोगों की खुशी मनाने का दिन है जिन्होंने रमजान में अल्लाह के हुकम कि फरमाबरदारी की जिन्होंने नेक अमल किया किसी को गाली नहीं दी झूठ नहीं कहा दीन दुखियों की मदद की अल्लाह के निकट नए कपड़े नहीं अपितु सदाचार प्रिय है। बच्चों की मां हजरत फातिमा ने इस प्रकार अपने बच्चों को समझाया परंतु वह तो ठहरे बच्चे उन्होंने एक न सुनी और उनकी जिद बढ़ती ही गई रात भर अपनी मां से ठुमकते और रोते रहे अनंतः फजर (प्रातः काल) की नमाज के बाद बच्चों को साथ लिए हुए खलीफा के पास पहुंची खलीफा पुराना वस्त्र धारण किए हुए मुसल्ले (नमाज पढ़ने के कपड़े पर) बैठ कर गिड़गिड़ा कर प्रार्थनाएं कर रहे थे और नेत्रों से अश्रु धारा प्रभावित थी दाढ़ी भीग गई थी दुआ मांगते हुए यह दुखदाई दृश्य देखकर उनकी पत्नी का हृदय व्यतीत हो उठा उन्होंने सहानुभूति दशार्ते हुए कहा अमीरुल मोमिनन (मुसलमान प्रधान को कहते हैं) आज ईद है चारों ओर प्रसन्नता की लहर दौड़ रही है लोग अतिथि सत्कार में है और आप रो रहे हैं फातिमा खलीफा ने सर उठा कर कहा रमजान का पवन और बरकतों वाला महीना समाप्त हो गया ईश्वर ने कितना सुंदर अवसर दिया था कि हम अपने भीतर और अंदर की सभी त्रुटियों दूर करके उसकी प्रसन्नता प्राप्त करने की योग हो सकते थे तथा हम इतनी मात्रा में नेकिया प्राप्त कर लेते कि ईश्वर के समक्ष हमारा सर लज्जा तथा पश्चाताप से ना झुकता मैं सोचता हूं क्या हमने इस महीने का पूरा हक अदा किया है क्या हमने अपनी त्रुटियों को ठीक कर लिया है कही कोई ऐसा तो नहीं की भूख और प्याज की कठिनाइयों को सहन करने के बाद भी यह महीना अकारथ चला गया हो आप अभी इतना ही कह पाए थे की भवुकता की



प्रबलता के कारण मूर्छित हो गए इस घटना ने बच्चों तथा पत्नी के हृदय को अति प्रभावित किया अब वह व्याकुल होकर उन्हें होश में लाने के उपाय करने लगे घर तो खलीफा (मुसलमानो के सरदार का) था परंतु वहां ना इतर था नहीं कोई सुगंधित वस्तु जिससे बेहोश खलीफा को होश में लाया जाता अनंतः पानी के छीटे से जब होश आया तो पत्नी के आने का कारण पूछा अमीरुल मोमिन (मुसलमान के सरदार) के बच्चे कल से मुझे परेशान कर रहे हैं कि इनके लिए भी नए कपड़े बनवा दिए जाए मैंने अत्यधिक समझाया किंतु यह किसी की मानते ही नहीं वह कह रहे की सभी लोग तो नए वस्त्र धारण करेंगे हम खलीफा के पुत्र होकर पुराने वस्त्र भला लोग क्या कहेंगे। हजरत फातिमा ने यह बातें बड़ी गंभीरता पूर्वक कही फातिमा तुम तो जानती हो भली-भांति जानती हो कि हमारा जीवन किस प्रकार व्यतीत हो रहा है दो दिरहम (लगभग सात आने) मै प्रतिदिन बैतूलमाल राजकोष से अपने घर खर्च के लिए लेता हूं जिससे हमारा जीवन संबंधी अति आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति कठिनाई से होती है तो फिर मैं नए कपड़े कैसे खरीदूं खलीफा ने हजरत फातिमा को शांतिपूर्वक समझाया आप मुसलमानो के सरदार है बैतूलमाल राजकोष की चाबियां आपके हाथों में यदि आप चाहे तो उसमें से रुपए लेकर कपड़े खरीद सकते हैं हजरत फातिमा ने कहा। माल पर मेरा कोई अधिकार नहीं है क्योंकि यह सभी मुसलमानो और देश की संपत्ति है मुझे इसमें से एक पाई भी अपने लिए लेने का अधिकार नहीं है क्या तुम चाहती हो कि मैं बच्चों के प्रत्येक उचित तथा अनुचित इच्छाओं को पूरा करने के लिए विश्वासघातक बनूं और परलोक में दंड का भागी होऊ, खलीफा ने कहा, अच्छा तो एक उपाय और है खलीफा की बातों को सुनकर हजरत फातिमा ने कहा आप अपनी तनखवाह एक महीना पहले ही ले लीजिए ताकि बच्चों के कपड़े बन सके और वे अन्य बालकों की भांति ईद मनाये। महीना तो थोड़ी सी और कठिनाई सहन करते हुए समाप्त हो ही जाएगा फातिमा? क्या तुम्हें विश्वास है कि मैं भविष्य में जीवित रहूंगा जीवन का क्या भरोसा आज है कल नहीं। मृत्यु की पकड़ से कोई नहीं बच सकता हो सकता है कि उसका आक्रमण अभी हो जाए और मैं ईद ना मना सकूं किस विश्वास पर तनख्वाह पहले ले लूं जाओ इन बच्चों से कह दो कि यह संसार एक न एक दिन समाप्त हो जाएगा वे सांसारिक स्वादो के पीछे ना पड़े और सुंदर एवं बहुमूल्य वस्त्रो की चिंता के स्थान पर परलोक का जीवन सफल बनाने की चिंता करें क्योंकि वहां का जीवन तथा स्वाद हमेशा बाकी रहने वाला है जो यहां के जीवन के सुकर्मो के परिणाम स्वरूप प्राप्त होता है। खलीफा ने नम्रता पूर्वक अपनी पत्नी को समझाया और मुसलमानो के सरदार के घर फटे पुराने वस्त्रो मे ही में ईद मनाई गई। प्यारे भाइयों बहनों आप सब हमेशा इस्लामी मूल्यों का आदर करें और उसी के अनुसार आचरण कर जीवन व्यतीत करें इस अवसर पर आप सभी से विनम्र निवेदन है कि आप मेरे अब्बू अम्मी जिन्होंने मुझे बड़ी चाहत और मोहब्बत के साथ मेरी परवरिश की और दीन इस्लाम कुरआन हदीस अल्लाह उसके रसूल की शिक्षाओं मुझे परिचित कराया ऐसे मोहसिन मेहरबान मेरे अब्बू अम्मी के लिए हम आप में सब मिलकर दुआ करते हैं कि मेरी अम्मी हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा और अब्बू जनाब बाबू खान कादरी रहमतुल्लाह अलैह कि अल्लाह अपनी रहमतों से और अपने महबूब पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के वसीले से उनकी बख्शीश और मगफिरत फरमाए और उनकी कबरों को नूर कि अंजुमन बनाकर जन्नत के बाग में तब्दील फरमाए और उनकी कब्र की जानिब जन्नत की खिड़की खोल दे जन्नत की जानिब उनकी कब्र की खिड़की खोल दे और आलमे बरजख में उन्हें इल्लीन में आला मुकाम अता फरमाए और अपनी रहमत और अपना नूर अता फरमाए और उन्हें कब्र के अजाब से जहन्नम की आग से मैदाने महशर व पुलसिरात की तकलीफों से उनकी हिफाजत फरमाकर उन्हें अपना अमन और सलामती अता फरमाए और हमारी और आपकी सभी कमियो और खताओ को माफ फरमाकर हम पर भी अपना करम फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन आप सभी को ईद उल फितर की मुबारकबाद आप सभी की दुआओं का तलबगार आपका भाई साजिद खान।

**साजिद खान हज्जन जुबेदा बी संपादन प्रभाग धनपुरी**

## ईद विशेष प्रस्तुति : रोजे का इनाम है ईद

**ईद उल फितर** का ताल्लुक रमजान मुबारक से है ईद उल फितर रमजान के रोजे पूरे करने पर जो की एक बड़ी इबादत है की खुशी के शकल में और अल्लाह का शुक्र अदा करने के लिए मनाई जाती है और आबादी से बाहर ईदगाह में दो रकात नमाज वाजिद अदा की जाती है क्योंकि उसी अल्लाह की मेहरबानी से रोजे की बड़ी इबादत पूरी हुई है। ईद के दिन अल्लाह इनाम के तौर पर अपने रोजदार बंदों को जन्नहम से आजादी अता फरमाता है। साल के 11 महीने के बाद जब 30 दिन का रमजान मुबारक आता है तब पूरी दुनिया में फैले मुसलमान अपने अपने मुल्क वतन में एक अल्लाह की इबादत और बंदगी में और भी अकीदत के साथ लग जाते हैं। रमजान मुबारक में सुबह से शाम तक रोजा रखने का हुक्म दिया गया है ताकि इंसान के अंदर तकवा आत्मसायम परहेजगारी ईशपरायण धर्मपरायण उच्च चरित्र पैदा हो और गरीब मोहताज अनाथ लाचार भूको प्यसो के लिए हमदर्दी पैदा हो और वह उनके दुख दर्द को महसूस कर सके इसके साथ ही इस्लाम समाज के निर्धन वर्ग को आर्थिक विपन्नता उभारने के लिए के लिए संपन्न मुसलमान पर जकात खैर खैरात सदका सदकए फित्र की व्यवस्था दी है इसके द्वारा इस्लाम सामाजिक न्याय का व्यावहारिक व आर्थिक उदाहरण प्रस्तुत करता है । जकात से धन संपत्ति पवित्र होती है और इंसान अल्लाह का कृपा पात्र बनता है। जकात साल में एक बार अपनी जमा संपत्ति पर लाभ पर साल पूरा होने पर ढाई प्रतिशत जकात (आर्थिक सहयोग) सबसे पहले अपने घर परिवार खानदान उसके बाद मोहल्ला पड़ोस के गरीबों को अदा करना अनिवार्य हैं और खैर खैरात स्वेचछा से से जब चाहे देते रहे फित्र अरबी भाषा का शब्द है इसका अर्थ है रोजा खोलने का है अल्लाह ने अपने संपन्न बंदों पर एक सदका दान सदकए फित्र निश्चित किया है जो कि वाजिब है कि रमजान के रोजे पूरा हो जाने और आखरी रोजा खुल जाने की खुशी में अल्लाह के शुक्र के तौर पर अदा करें इसी कारण इस दिन को ईद उल फित्र कहा जाता है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।



दरियादिल मुंबईकर तथा राष्ट्रीय सैनिक संस्था मुंबई इकाई महिला विंग के माध्यम से वी क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट विले परले द्वारा जरूरतमंद महिला को उनकी जीविका चलाने के लिए मदद की गई, उन्हें तोहफे के रूप में सिलाई मशीन वितरित की गई। इस सराहनीय कार्य में शामिल हुए वी क्लब की सदस्या अपर्णा खानोलकर, भूषण नार्वेकर, शारदा नायक, तथा दरियादिल मुंबईकर की सदस्या माननीय डॉ अर्चना देशमुख, राजकुमारी तिवारी, माधवी गुप्ता, निधि अय्यर, आशा नागलिया, श्यामा अग्रवाल आदि। खूब-खूब साधुवाद इन सभी बहनों का।




# हुसैन शेख की जानिब से 100 जरुरतमंद लोगों को अनाज कीट तकसीम किया गया

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर मुंबई**

**मुंबई।** अंधेरी वेस्ट शिवसेना शिंदे गुट अंधेरी पश्चिम 165 विधानसभा उप विभाग शाखा क्रमांक 65/66 में रमजान ईद के चलते शिवसेना शिंदे गुट के सहयोग से उप विभाग प्रमुख हुसैन शैख की जानिब से 100 जरुरतमंद लोगों को अनाज कीट तकसीम किया गया। अंधेरी पश्चिम विधानसभा उप विभाग प्रमुख हुसैन शैख ने मिडिया से बात करते हुए बताया कि हर साल की तरह इस साल भी हमने 100



जरूरतमंद लोगों को रमजान ईद के मुबारक मौके पर डी मार्ट से लाया हुआ अनाज राशन कीट तकरीबन 2000 की मुल्य का सामन तकसीम किया है। अंधेरी डोंगर इलाके में कई सारे झुग्गी झोपड़पट्टियां है और कोई मजदूर हैं तो कोई रिक्षा ड्राईवर है ऐसे जरुरतमंद लोगों को हम हर साल अच्छा राशन कीट देते हैं ताकी वो जरुरतमंद भी ईद अच्छी तरह से मना सकें उस घर में भी सिर खुरमा बन सके जिसके चलते हम लोग यह कार ए खेर के काम को अंजाम देते हैं।

# नखरा वाली: नया हिट गाना हुआ रिलीज

## म्यूजिक प्रेमियों के बीच मचा धूम

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मनोरंजन जगत में एक और धमाका हो चुका है! OR Production के बैनर तले नया गाना 'नखरा वाली' रिलीज हो चुका है और संगीत प्रेमियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इस गाने में शानदार अभिनय किया है राज तिवारी और आकांक्षा बंजारे ने, जो अपनी बेहतरीन केमिस्ट्री से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं।गाने के निर्देशक राज तिवारी हैं, जिन्होंने इसे बेहतरीन अंदाज में पेश किया है। गाने को अपनी सुरीली आवाज से सजाया है मनीष पटेल और महक रात्रे ने, जिनकी गायकी ने गाने को और भी शानदार बना दिया है। वहीं, गाने के निमार्ता ओंकार देवांगन, रघु देवांगन और राज तिवारी हैं, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट को भव्य रूप देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।रोमांटिक अंदाज में बसी एक खूबसूरत कहानी गाने की कहानी एक रोमांटिक थीम पर आधारित है, जिसमें एक प्यारी सी लव स्टोरी दिखाई गई है। पोस्टर और टीजर के बाद से ही इस गाने ने दर्शकों के बीच उत्सुकता जगा दी थी और अब पूरा गाना आते ही इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। शानदार म्यूजिक और बेहतरीन



लोकेशन गाने के बोल और संगीत तोरन निषाद द्वारा तैयार किए गए हैं, जो कि बेहद कर्णप्रिय हैं। बेहतरीन सिनेमैटोग्राफी और आकर्षक लोकेशंस गाने को और भी प्रभावी बना रहे हैं। एडिटिंग का काम हर्ष मकर्डे ने किया है, जिससे गाने का प्रस्तुतीकरण और भी दमदार हो गया है। फैंस की जबरदस्त प्रतिक्रिया जैसे ही गाना यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हुआ, इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने लगी। कमेंट सेक्शन में लोग गाने की तारीफ कर रहे हैं और इसे सुपरहिट करार दे रहे हैं।

# 6 साल के जोहान सलाम खान ने रखा रमजान का पहला रोजा, पूरे परिवार और इलाके में खुशी की लहर



**मुंबई।** रमजान का मुकद्दस महीना हर मुसलमान के लिए खास होता है, लेकिन इस बार सांताक्रूज के गोलीबार इलाके में रहने वाले समाजवादी पार्टी के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता सलाम इस्लाम खान के परिवार में यह और भी यादगार बन गया। उनके 6 वर्षीय बेटे जोहान सलाम खान ने पहली बार रोजा रखकर ना सिर्फ अपने मां-बाप बल्कि पूरे खानदान और समाज का सिर फख्र से ऊँचा कर दिया। नन्हे जोहान ने सुबह सेहरी कर अल्लाह की बारगाह में रोजे की नीयत की और पूरे दिन धैर्य और सब्र के साथ भूख-प्यास सहन करते हुए शाम को इफ्तार किया। जैसे ही इफ्तार का वक्त हुआ, जोहान को देखने के लिए घर और मोहल्ले में भीड़ उमड़ पड़ी। परिवार वालों ने जोहान को गले लगाकर खूब दुआएं दीं। जोहान के दादा की आँखों में खुशी के आंसू थे। उन्होंने कहा, अल्लाह हमारे जोहान को सलामत रखे और उसे दुनिया और आखिरत दोनों में कामयाबी दे। इस उम्र में उसका रोजा रखना हमारे लिए बहुत बड़ा फख्र है। मां-बाप ने भी जोहान को दुआएं देते हुए कहा, जोहान ने साबित कर दिया कि अगर दिल में इमान हो तो उम्र मायने नहीं रखती। अल्लाह उसका रोजा कुबूल फरमाए और उसका रास्ता आसान करे। रोजे के बाद इलाके में भी जोहान के नाम की खूब चर्चा रही। छोटे-बड़े सभी ने उसे दुआएं दीं और कहा कि जोहान ने इस रमजान को सबके लिए यादगार बना दिया। घर में मिठाई बांटी गई और रिश्तेदारों ने फोन व मुलाकात कर जोहान को मुबारकबाद दी।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

# कुणाल कामरा की बढ़ीं मुश्किलें

पिछले दो समन में कामरा पुलिस के सामने अपना पक्ष रखने नहीं पहुंचे हैं। जानकारी दें कि, यह मामला हाल में खार के हैबिटेट कॉमेडी क्लब में कामरा के शो से जुड़ा है, जहां उन्होंने एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए एक पैरोडी गाना गाया था। इस घटना के बाद शिवसेना समर्थकों ने जमकर हंगामा किया था और बीते 23 मार्च रविवार रात क्लब और होटल में तोड़फोड़ की थी। शिवसेना विधायक मुरजी पटेल की शिकायत पर खार पुलिस ने कामरा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि कामरा को बीते 25 मार्च मंगलवार को पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था लेकिन उन्होंने सात दिन का समय मांगा था। पुलिस ने बताया की,उदूसरे समन में कुणाल कामरा को 31 मार्च को पुलिस के समक्ष पेश होने को कहा गया है। इसके पहले पुलिस ने राहुल कनाल समेत शिवसेना के 12 लोगों को स्टूडियो में तोड़फोड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उन्हें हिरासत में लिए जाने के कुछ घंटों बाद ही जमानत दे दी गई थी। महाराष्ट्र विधान परिषद ने भी शिंदे के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस स्वीकार कर लिया है। इंस्टाग्राम बायो के अनुसार, कामरा फिलहाल पुडुचेरी में बैठे हैं।

# इस गर्मी होगा भारी घाटा, फसलों में हुआ नुकसान

**भंडारा।** महाराष्ट्र के किसानों के सामने अब मुश्किल पैदा हो गई है। इससे निपटने के लिए किसानों ने प्रशासन से मांग की है और मांग पूरी न होने पर चेतावनी दे दी है। दरअसल, विद्युत वितरण केंद्र नेरला (आंधलगांव) के अंतर्गत आने वाले पालडोंगरी और काटी फीडर से कृषि पंपों को 8 घंटे बिजली आपूर्ति की जाती है। लेकिन किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं। किसानों की खेतों में दरारें आ रही हैं, जिससे किसान परेशान हैं। किसानों ने 1 अप्रैल तक 12 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की है। यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती, तो वे हजारों किसानों की उपस्थिति में भूख हड़ताल करेंगे। पालडोंगरी फीडर से पिंपलगांव, पालडोंगरी, और काटी फीडर से मालिडा, चिचोली, आंधलगांव, अकोला, सालेबर्डी, नेरला, काटी, शिवनी, वडेगांव जैसे कई गांव जुड़े हुए हैं। इन क्षेत्रों में ग्रीष्मकालीन फसलें बड़े पैमाने पर उगाई जाती हैं। महावितरण की ओर से 8 घंटे बिजली दी जा रही है, लेकिन यह फसलों के लिए पर्याप्त नहीं है। धान की फसल कटाई के कगार पर है, लेकिन पर्याप्त पानी नहीं मिलने से बर्बाद हो रही है। किसानों ने धान की खेती में भारी निवेश किया है, और अगर फसल नष्ट होती है, तो उन्हें भारी नुकसान होगा। किसानों ने 13 मार्च को विद्युत वितरण केंद्र नेरला के कनिष्ठ अभियंता को 12 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए आवेदन दिया था। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं मिला। इसके बाद किसानों ने मुख्य कार्यकारी अभियंता भंडारा, उप कार्यकारी अभियंता मोहाड़ी, और आंधलगांव पुलिस स्टेशन को एक ज्ञापन देकर भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। भंडारा में किसानों ने मांग की है कि कम से कम एक माह तक 12 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए, ताकि उनकी फसल बच सके। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो 1 अप्रैल से किसान भूख हड़ताल करने के लिए मजबूर होंगे। प्रशासन से जल्द से जल्द इस मुद्दे को हल करने की अपील की गई है।



## खबर संक्षेप

### 40 सेकेंड में ही जमीन पर धड़ाम से गिरा रॉकेट

**नई दिल्ली।** यूरोप के स्पेस प्रोग्राम को रविवार को बड़ा झटका लगा जब नॉर्वे में एक रॉकेट उड़ान भरने के महज 40 सेकंड बाद ही क्रैश हो गया। इस घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें रॉकेट को फटते हुए देखा जा सकता है। यह रॉकेट यूरोप से सैटेलाइट लॉन्च को गति देने के लिए डेवलप किया गया था। हालांकि, उड़ान भरने के तुरंत बाद यह जमीन पर गिरकर क्रैश हो गया. जर्मन स्टार्टअप इसार एयरोस्पेस ने इसे शुरुआती परीक्षण करार दिया है। यूरोप सफल लॉन्च का प्रयास कर रहा था। इस मिशन को लेकर स्वीडन, ब्रिटेन और अन्य देशों ने कमर्शियल स्पेस मिशन में अपनी भागीदारी की इच्छा जताई थी।

### सवा माह बाद: सुरंग में फंसे लोगों की तलाश

**हैदराबाद।** नागरकुरनूल में आंशिक रूप से ध्वस्त सुरंग में फंसे छह लोगों का पता लगाने के लिए खोज अभियान के तहत पानी



निकालने और मिट्टी हटाने की प्रक्रिया लगातार जारी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह जाने से उसमें इंजीनियरों और मजदूरों सहित कुल आठ लोग फंस गए थे। लापता लोगों की पहचान मनोज कुमार , श्रीनिवास, सनी सिंह, गुरप्रीत सिंह संदीप साहू, जेगता जेस, संतोष एवं अनुज साहू के रूप में हुई।

### देहरादून से लापता हुई युवती पंजाब में मिली

**देहरादून।** पटेल नगर इलाके से एक सप्ताह पहले लापता हुई एक लड़की को पंजाब से बरामद किया। उप्र के एक युवक को गिरफ्तार



किया है। 18 वर्षीय लड़की को पंजाब के अमृतसर से शनिवार को बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, 21 मार्च को लड़की के परिजनों ने पुलिस में तहरीर दी थी कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद का रहने वाला नूर मोहम्मद (26) उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है।

## पीएम का कांग्रेस पर हमला, बोले- मन और मस्तिष्क में बेईमानी

# हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे: कांग्रेस ने आदिवासियों तक नहीं पहुंचने दिया विकास

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

> बिलासपुर में पीएम मोदी ने कहा कि विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर में जनसभा को संबोधित किया। लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं। यही स्थिति हमने कांग्रेस के शासन के दौरान देखी है। इस कारण आदिवासियों तक विकास नहीं पहुंच पाया। पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो रहे हैं। ये वर्ष छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है और संयोग से यह साल अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। छत्तीसगढ़ सरकार 2025 को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। हमारा संकल्प है- हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे।

### सारे प्रोजेक्ट्स छत्तीसगढ़ के लोगों को सुविधाएं देने वाले हैं

पीएम ने 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया



**छत्तीसगढ़ के 3 लाख गरीब नए घर में प्रवेश कर रहे**

अपने संबोधन में पीएम ने विकास कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जन-जन तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए वह तेजी से अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के तीन लाख गरीब परिवार अपने नए घर में प्रवेश कर रहे हैं। यहां उन्हें लाभार्थियों से मिलने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने महसूस किया कि नया घर मिलने के बाद गरीब परिवार अपनी खुशी नहीं रोक पा रहे थे। मोदी ने कहा कि आज पहला नवरात्रि है और छत्तीसगढ़ तो माता महामाया की धरती है।

### कांग्रेस ने कभी आपकी चिंता नहीं की- पीएम मोदी

छत्तीसगढ़ को अलग राज्य इसलिए बनाना पड़ा था क्योंकि यहां विकास का लाभ नहीं पहुंच पा रहा था। कांग्रेस के राज में यहां विकास का काम नहीं हो पा रहा था और जो काम होते भी थे उसमें कांग्रेस वाले घोटाला करते थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को कभी आपकी चिंता नहीं हुई। आपके जीवन की, आपकी सुविधाओं की, आपके बच्चों की चिंता हमने किया। हम विकास की योजनाओं को छत्तीसगढ़ के गांव गांव तक ले जा रहे हैं। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जो भाजपा को आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। पीएम ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं। यही स्थिति हमने कांग्रेस के शासन के दौरान देखी है।

#### तेजी से पूरी हो रही हैं गारंटियां- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी ने अनुभव किया है कि हमारी सरकार कितनी तेजी से अपनी गारंटियां पूरी कर रही है। छत्तीसगढ़ की बहनों से जो हमने वादा किया था, वो पूरा करके दिखाया है। धान किसानों को दो साल का बकाया बोनस मिला है। बढ़े हुए एमएसपी पर धान की खरीदी की गई है। इसे लाखों किसान परिवारों को हजारों करोड़ रुपए मिले हैं। कांग्रेस की सरकार में यहां भर्ती परीक्षाओं में भी खूब घोटाले हुए, भाजपा सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों को लेकर जांच बैठाई है। हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं करवा रही है। इस ईमानदार प्रयासों का ही नतीजा है कि भाजपा पर जनता का भरोसा बढ़ता जा रहा है।


#### तस्वीर भी बदल रही और तकदीर भी

पीएम मोदी ने कहा कि हम आदिवासी समाज के विकास के लिए भी विशेष अभियान चला रहे हैं। हमने आपके लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरु किया है। आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी जनजातियां होती हैं। पहली बार हमारी सरकार ने ऐसे अति पिछड़े आदिवासियों के लिए पीएम जनमन योजना बनाई है। अब छत्तीसगढ़ की तस्वीर भी बदल रही है और तकदीर भी बदल रही है। छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां शत प्रतिशत रेल नेटवर्क बिजली से चलने लगा है। पीएम मोदी ने कहा कि थोड़ी देर पहले 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें गरीबों के घर, स्कूल, रोड, रेल, बिजली, गैस की पाइपलाइन ये सारे प्रोजेक्ट्स लोगों को सुविधाएं देने वाली हैं।

## कैश कांड में कपिल सिब्बल ने कहा

# सुप्रीम कोर्ट का जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करना खतरनाक

सिब्बल ने कहा- गलत है या सही... समय बताएगा



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

जस्टिस यशवंत वर्मा के घर में मिले कैश मामले में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक खतरनाक ट्रेंड हैं। सिब्बल का कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती है तब तक किसी भी जिम्मेदार नागरिक को इस मामले में टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जांच रिपोर्ट, वीडियो और फोटो जारी करने पर सिब्बल ने एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में कहा कि ये उनके विवेक पर निर्भर करता है। यह गलत है या सही... यह समय बताएगा। अदालत ही दस्तावेज का स्त्रोत है। इस पर लोग भी विश्वास कर लेते हैं। मगर यह सच है या नहीं... ये बाद में तय होगा। मेरा मानना है कि यह खतरनाक मिसाल है। संस्थागत प्रतिक्रिया में संस्थान को लिखित में लागू करना चाहिए कि क्या करना चाहिए। कपिल सिब्बल का कहना है कि इस पर बार के साथ सलाह करके निर्णय लिया जाना चाहिए। न्यायाधीशों के बारे में हम जीतना जानते हैं... वो भी उतना ही जानते हैं। इन मुद्दों से निपटने और तंत्र बनाने के लिए एक समिति होनी चाहिए। अगर इन चीजों को सार्वजनिक किया जाता है तो संस्था पहले ही हार चुकी होती है।

### अभी तो जांच भी पूरी नहीं हुई

जस्टिस यशवंत वर्मा मामले में सिब्बल ने कहा कि जब तक कोई व्यक्ति दोषी नहीं पाया जाता है तब तक उसे निर्दोष माना जाता है। इस मामले में तो अभी तक जांच भी पूरी नहीं हो पाई है। जांच पूरी नहीं होने तक किसी भी जिम्मेदार नागरिक को इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहिए। 22 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया। इस कमेटी में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अनु शिवरामन को शामिल किया गया है। यह कमेटी मामले की जांच करेगी। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाई कोर्ट की संशोधित आंतरिक जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक की। अदालत ने वीडियो और तस्वीरों को भी साझा किया।

## सरकार का बड़ा फैसला, गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

आफस्फा कानून के तहत किसी भी व्यक्ति के खिलाफ गोली चलाने का अधिकार

# मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में छह महीने के लिए बढ़ा आफस्पा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

> *गृह मंत्रालय ने मणिपुर अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में आफस्पा को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्रों को छोड़कर बाकी हिस्सों में यह लागू रहेगा। अरुणाचल प्रदेश के तिरप,चांगलांग, लोंगडिंग और तीन थाना क्षेत्रों में इसे फिर लागू किया गया है। नगालैंड के आठ जिलों में एएफएसपीए(आफस्पा) बढ़ाया गया है।*

गृह मंत्रालय ने मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में 6 महीने के लिए सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) लागू कर दिया है। इसमें मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्र को छोड़कर पूरे राज्य में आफस्पा अगले 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों और राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी आफस्पा लागू कर दिया गया है। नगालैंड के जिन जिलों में एएफएसपीए को फिर से लागू किया गया है।

1. आठ जिलों में एएफएसपीए बढ़ाया
2. कानून सुरक्षा बलों को विशेष शक्तियां प्रदान करता है
3. मणिपुर के 5 जिलों के 13 थाना क्षेत्रों को छोड़कर बाकी हिस्सों में लागू

### इन क्षेत्रों में भी बढ़ा आफस्पा



*साथ ही लोंगलेंग जिले में यांगलोक पुलिस थाना क्षेत्रए और वोखा जिले में भंडारी चांमपांग और रालान पुलिस थाने क्षेत्र जुनहेबोटो जिले में घटासी, पुघोबोट, सताखा सुरूहुतो, जुनहेबोटो और अघुनाटो पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को सशस्त्र बल,विशेष शक्तियां अधिनियम, 1958 की धारा 3 के अंतर्गत दिनांक 01.04.2025 से छः माह तक के लिए बढ़ा दिया गया है।*

### आफसपा के तहत सुरक्षा बलों को मिले हैं विशेष अधिकार

*आफसपा कानून सुरक्षा बलों को किसी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार करने, बिना वारंट के परिसर में प्रवेश करने या तलाशी लेने और अन्य कार्रवाई करने का अधिकार देता है। इसके साथ ही आफसपा गोली चलाने की भी अनुमति देता है। इसके अलावा सुरक्षाबलों को ये भी अधिकार है कि अगर कोई भी उग्रवादी या उपद्रवी घर में छिपा होता है तो उसे तबाह भी किया जा सकता है। इस कानून के तहत कार्रवाई तभी संभव है, जब केंद्र सरकार द्वारा इसे किसी अशांत क्षेत्र में लागू किया हो।*

### क्या है एएफएसपीए (आफस्पा)

*एएफएसपीए को अशांत इलाकों में लागू किया जाता है। इस कानून के तहत सुरक्षाबलों को एक महत्वपूर्ण ताकत मिलती है। इसके तहत सुरक्षाबलों के पास बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने की ताकत होती है। साथ ही इसके कानून के चलते कई मामलों में बल प्रयोग का भी प्रावधान है। एएफएसपीए को सिर्फ अशांत क्षेत्रों में ही लागू किया जाता है।*

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

# पंजाब-हरियाणा में पराली जलाने पर रोक की मांग

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को नियंत्रित करने की मांग वाली



याचिका खारिज कर दी है। याचिका में पंजाब और हरियाणा सरकार को पराली जलाने पर नियंत्रण करने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, इस अदालत ने पराली जलाने के मुद्दे पर कई आदेश पारित किए हैं और अभी भी मामले पर विचार किया जा रहा है, तो हम विभिन्न पक्षों को इस मामले में हस्तक्षेप और निर्देश के लिए आवेदन दायर करने की इजाजत नहीं देना चाहते हैं। इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है। पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ ने यह याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि अप्रैल-मई में पराली जलाने से उत्पन्न प्रदूषण से न केवल दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले पर बुरा असर पड़ता है।

## मिजोरम सरकार बना रही नियम

# बिना अनुमति के विदेशियों के प्रवेश पर लगेगी रोक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

मिजोरम सरकार राज्य में संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) प्रणाली को



लागू करने जा रही है। यह विदेशी नागरिकों के लिए कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में जाने के लिए आवश्यक यात्रा दस्तावेज है। राज्य सरकार ने यह कदम केंद्र की ओर से म्यांमार की सीमा से लगे पूर्वोत्तर की तीन राज्यों मिजोरम, मणिपुर और नगालैंड में पीएपी को दोबारा लागू करने के निर्देश के बाद उठाया है। मिजोरम के गृह सचिव वनलालमाविया ने बताया कि राज्य सरकार पीएपी को लागू करने की दिशा में कदम उठा रही है, जिसे प्रतिबंधित क्षेत्र परमिट (आरएपी) के रूप में भी जाना जाता है। हम पीएपी को लागू करने की प्रक्रिया में हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर लेंगपुई एयरपोर्ट पर एक होल्डिंग एरिया की भी पहचान की जा रही है। राज्य के गृह सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र से आइजोल में एक नामित कार्यालय खोलने का अनुरोध किया है।

## कांग्रेस और माकपा पर बढ़ा दबाव

# केसीबीसी ने वक्फ संशोधन विधेयक का किया समर्थन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी)ने राज्य के सांसदों से वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करने की अपील कर नई राजनीतिक बहस छेड़ दी है। केसीबीसी की अपील के साथ ही विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ)और सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ)पर मुनंबम भूमि विवाद पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का दबाव बढ़ गया है। केसीबीसी ने एक बयान में मुनंबम की घटना का जिक्र करते हुए निर्वाचित प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जब वक्फ अधिनियम में संशोधन संबंधी विधेयक संसद में चर्चा के लिए आए, तो वे 'असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण प्रावधानों' में बदलाव




*बदलाव का करें समर्थन*

के पक्ष में मतदान करें। यह अपील केसीबीसी के अध्यक्ष कार्डिनल बेसिलियोस क्लीमिस कैथोलिकोस ने की।

एर्णाकुलम जिले के चेराई और मुनंबम गांवों के निवासियों ने आरोप लगाया है कि वक्फ बोर्ड उनकी भूमि और संपत्तियों पर अवैध रूप से दावा कर रहा है, जबकि उनके पास पंजीकृत दस्तावेज और भूमि कर भुगतान रसीदें मौजूद हैं। भाजपा की राज्य इकाई ने रविवार को केसीबीसी के रुख का स्वागत किया।

## नीतीश के घर हुई एनडीए की बैठक, घटक दलों ने शाह को सौंपी

शाह ने कहा- लालू ने अपने परिवार को सेट करने का काम

# बिहार पहुंचे शाह ने एनडीए के नेताओं का दिया जीत का मंत्र, कहा-एक बार फिर बिहार में भाजपा सरकार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

> किसी भी घटक दल के नेता को दूसरे सहयोगी दल की तरफ से दावा किए जाने वाली सीट की जानकारी नहीं है। बैठक का एजेंडा तय था। दलों के नेता अपने साथ सीटों की लिस्ट लाए थे।

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव के गृह जिले गोपालगंज पहुंचे। यहां उन्होंने इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले लालू यादव पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर निशाना साधा, वहीं परिवारवाद को लेकर भी घेरा। अमित शाह ने कहा कि लालू यादव ने घोटाला किया और अपने परिवार के लोगों को सेट किया लेकिन बिहार के युवाओं को सेट नहीं किया। वहीं दूसरी तरफ बिहार में साल के अंत में विधानसभा चुनाव को लेकर सीएम आवास पर एनडीए के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ सभी घटक दलों के नेताओं ने भाग लिया। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में घटक दलों ने अपनी दावे वाली सीटों की लिस्ट बंद लिफाफे में सौंपी। अब भाजपा इन दावे वाली सीटों को लेकर अपने स्तर से काम करेगी। पार्टी देखेगी कि जमीनी स्तर पर घटक दल जिन सीटों पर अपना उम्मीदवार देना चाहते हैं, उसकी वास्तविक स्थिति क्या है। एनडीए में सीट बंटवारे के पहले ये महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बता दें कि किसी भी घटक दल के नेता को दूसरे सहयोगी दल की तरफ से दावा किए जाने वाली सीट की जानकारी नहीं दी गई है। इस बैठक का एजेंडा पहले से तय था।

### बिहार के युवाओं को सेट करने का काम पीएम कर रहे हैं



अमित शाह ने गोपालगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के युवाओं को सेट करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2025 में ही बिहार में चुनाव होने जा रहा है। बिहार के लोगों को यह तय करना है कि हमें लालू-राबड़ी के जंगलराज की ओर जाना है या मोदी और नीतीश कुमार के विकास के रास्ते पर जाना है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मुसलमान ईद कैसे मनाएं: मौलाना शम्स रजा

**बरेली।** मौलाना शम्स रजा खादिमे हुजूर ताजुश्शरीअह ने बताया कि मुसलमानों को ईद खुशी, शुक्रगुजारी और इबादत के साथ मनानी चाहिए। ईद दो प्रकार की होती है: ईद-उल-फित्र और ईद-उल-अजहा।

**ईद-उल-फित्र मनाने का तरीका:**

तकबीरात: ईद की रात और सुबह तकबीरात पढ़नी चाहिए।

सदक-ए-फित्र: ईद की नमाज से पहले गरीबों को सदक-ए-फित्र देना वाजिब है।

ईद की नमाज: ईद के दिन दो रकअत नमाज-ए-ईद अदा की जाती है।



**ईद की नमाज का तरीका:**

निय्यत: निय्यत कि मैंने दो रकअत नमाज-ए-ईद-उल-फित्र की छह जाइद तकबीरों के, वास्ते अल्लाह तआला के, पीछे इस इमाम के मुंह मेरा काबा शरीफ की तरफ अल्लाहू अकबर।

तकबीरें: पहले कान की लव तक हाथ उठाकर अल्लाहु अकबर कहें और हाथ नाफ के निचे बांध लें, फिर सना पढ़ें, फिर तीन बार अल्लाहु अकबर कहें, पहली दो तकबीरों में हाथ नीचे छोड़ दें, और तीसरी तकबीर में हाथ बांध लें।

इमाम सूरह फातिहा और कोई दूसरी सूरत पढ़ेंगे, फिर रुकू-सजदा होगा।

दूसरी रकअत में पहले सूरह फातिहा और दूसरी सूरह पढ़ी जाएगी, फिर तीन बार अल्लाहु अकबर कहें और हाथ छोड़ दें, चौथी बार बिना हाथ उठाए अल्लाहु अकबर कहकर रुकू में चले जाएं।

नमाज मुकम्मल करें और फिर ईद का खुतबा सुनें।

**ईद के बाद के काम:**

मुबारकबाद: एक-दूसरे को मुबारकबाद दें, अच्छे कपड़े पहनें और खुशियां मनाएं।

मेहमानी: रिश्तेदारों, दोस्तों और गरीबों के लिए खाने-पीने का इंतजाम करें।

कब्रिस्तान जाना: मरहूमीन के लिए दुआ.करें।

सिला-रहमी: रिश्तेदारों से मिलें और गरीबों का ख़्याल रखें।

**ईद में एहतियात और संयम जरूरी:**

फुजूलखर्ची और गैर-इस्लामी रस्मों से बचें।

गरीबों को नजरअंदाज न करें, उनकी मदद करें।

हराम और गैर-इस्लामी कामों से दूर रहें।

ईद का असल मकसद अल्लाह का शुक्र अदा करना, खुशियां बांटना और अपने ईमान को और मजबूत करना है। अल्लाह हमें ईद की सही कद्र करने की तौफीक अता फरमाए और हमें हर बुराई से बचाए।

# मूल बोली अवधी को नई पहचान दिलाने में जुटे : ज्योतिषाचार्य पंडित शास्त्री

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था गुरुकुल को अंग्रेजों ने सबसे पहले समाप्त किया, अंग्रेजी भाषा को थोप दिया। इससे हमारी मूल भाषा, बोली का प्रभाव कम होता गया। यह कहना है ज्योतिषाचार्य अतुल शास्त्री का। वह मूल बोली अवधी को नई पहचान दिलाने और उसके प्रचार प्रसार के लिए मेहनत कर रहे हैं। वह जनमानस को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर भाषा बोली की अपनी पहचान एवं अस्मिता होती है। उनका संरक्षण किया जाना चाहिए। हिंदी को समाज एवं साहित्य में उत्कृष्ट स्थान दिलाने के लिए क्षेत्रीय बोलियों का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए अवधी बोली को बढ़ावा देकर, हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर सकते हैं। मूल बोलियों के महत्व को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने भी पहल की है। इसी का नतीजा है कि इस विधानसभा में विधायकों ने अपनी स्थानीय बोली में समस्या उठाई। कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है यह सभी भाषाओं और बोलियों को एक दूसरे से जोड़ती है। अवधी भाषा भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अवधी बोली में साहित्य और कला के कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं, रामचरितमानस आज पूरे विश्व में पढ़ा जा रहा है और ऐसा ही सभी विधा को जन जन तक पहुंचाना जरूरी है। अवधी बोली के प्रचार प्रसार के लिये प्रसिद्ध कथाकार कौशलेंद्र महाराज के सानिध्य में अवध प्रान्त के साहित्य, मीडिया, कवि, खेल, यूट्यूबर सहित हर क्षेत्र की हस्तियों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में ममता संदीपन मिश्रा से पवन गोस्वामी सविता पेंटर लक्ष्मी वर्मा एस डी मिश्र, अनमोल पाण्डेय, पीयूष पाण्डेय, गुड़िया यादव, सुनीता सिंह, नीलम औझा श्रद्धा पाण्डेय आस्था मिश्रा अविनाश सिंह शैलेन्द्र सिंह बब्बू टाइगर समेत तमाम लोगों से अतुल शास्त्री ने मुलाकात की, और लोगों को जोड़ने का क्रम जारी है। इसके साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान अवधी बोली के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जा रहा है।



# अब्दुल गनी जामे मस्जिद में तरावीह की नमाज पूरी हुई और शबे कद्र की रात की आध्यात्मिक सभा आयोजित की गई

## जिस तरह रमजान में इबादत का जज्बा जागता है उसे हमेशा कायम रखें: मौलाना शकील तुफैल अहमद इस्लामी



**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** मधुबनी भौआरा अब्दुल गनी जामे मस्जिद, इस्लामिया जामे मस्जिद, हजरत बिलाल (रजि) जामे मस्जिद, हजरत उमर फारूक (रजि) जामे मस्जिद, जमाते अहले हदीस जामे मस्जिद में रमजान माह की अट्ठाईसवीं रात को तरावीह की नमाज का मुबारक आयोजन बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ किया गया यह पुण्य समागम बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया हाफिज इबादुल्लाह हाफिज मुहम्मद अरहम जमील, हाफिज रूहुल्लाह मुहम्मद एजाज, हाफिज मोहम्मद रेहान, हाफिज मुहम्मद वकील, हाफिज मुहम्मद निजामुद्दीन, हाफिज सैफुल्लाह, हाफिज मुहम्मद साईक हाफिज सैफुल्लाह को तरावीह में संपूर्ण पवित्र कुरान सुनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ कुरान के बाद मास्टर अब्दुल समी हारून अंसारी ने विशेष दुआ कराई जिसमें मुस्लिम उम्माह की भलाई, मस्जिद व मदरसे की तरक्की तथा सभी मुसलमानों की मगफिरत के लिए दुआ की गई पवित्र कुरान इस मुबारक महीने की पवित्र रात, यानी शब-ए-कद्र को अवतरित हुआ था और उन्होंने मुसलमानों से कहा कि वे शेष बचे हुए रोजों और इबादतों को बर्बाद न करें जिस तरह तरावीह और नमाज में लोगों की संख्या अच्छी देखी गई वैसा ही हमेशा होना चाहिए। इन मुबारक रातों के दौरान इस्लामिया जामिया मस्जिद में आयोजित आस्था-प्रेरक सभाएं मुसलमानों के कुरान के प्रति जुनून और सुन्नत के प्रति उनके पालन का स्पष्ट प्रमाण बनी रहेंगी अल्लाह तआला सभी मुश्रिकों की इबादत को स्वीकार करे और उन्हें इन मुबारक कार्यक्रमों के लिए बड़ा इनाम अता करे। आमीन हे सर्वलोक के स्वामी!

# रफ्तार से जारी मौत का सिलसिला, ट्रक ने ली फेरी वाले छात्र की जान

**कानपुर।** यहां तेज रफ्तार से वाहन चलाने की आदत के फलस्वरूप लोगों की असमय मौत का सिलसिला लगातार जारी है, जिसके क्रम में कपड़ों की फेरी लगाकर परिवार का गुजारा करने वाले एक छात्र की भी जान चली गई। यह घटना सचेंडी थाना क्षेत्र में हुई। इस घटना में बाइक पर बैठा उसका चचेरा भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम भिजवा दिया है। इस घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी केमुताबिक कला पुखरांया कानपुर देहात मूल निवासी विनोद कुमार कपड़े की फेरी लगाता है। यहां पर वो बर्रा में रह रहे हैं। विनोद कुमार के मुताबिक, उनके भाई का बेटा पीयूष कुमार (16) आया हुआ था। उसी को लेकर बेटा लकी गौतम (18) मोटरसाइकिल से छोड़ने जा रहा था। विनोद कुमार ने बताया कि दोनों कपड़ों के बंडल भी लिए हुए थे। पिता विनोद कुमार के मुताबिक, वो पहले निकल गए थे और उन्होंने दोनों बच्चों को बंडल लाने के लिए कहा था। दोनों बाइक से निकले। चकरपुर मंडी के पास एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उनकी बाइक पर टक्कर मार दी। वहीं आगे एक ट्रक चल रहा था। बाइक लेकर बेटा ट्रक के नीचे आ गया और ट्रक उसके ऊपर से निकल गया। जिसके कारण बेटे की मौके पर मौत हो गई। वहीं भतीजा पीयूष चुटहिल हुआ है। घटना में पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पेंटागन इवेंट्स एंड एक्टिवेशन्स ने एक शानदार इफ्तार/सुहूर समारोह का किया आयोजन

**पेंटागन इवेंट्स एंड एक्टिवेशन्स के सह-संस्थापक रियाज सईद और खुशबू वैद ने सभी मेहमानों किया इस्तकबाल**







**मुंबई।** मिठास और आनंद लेने के पलों से भरी एक रात, क्योंकि मेहमान हमारी प्रिय परंपरा के समृद्ध स्वादों में डूबे हुए थे। इस कार्यक्रम में दावत-ए-इफ्तार/सुहूर मनाने के लिए एक दिल को छू लेने वाली सभा को एक साथ लाया गया, जो खुशी और एकता से भरपूर माहौल में था। सच्चे पेंटागन स्टाइल में, समारोह में बोहेमियन और अरबी-प्रेरित सजावट का एक सुंदर मिश्रण दिखाया गया। इस अनूठी डिजाइन ने एक ऐसी जीवन शैली को दर्शाया जो कलात्मक अभिव्यक्ति, समुदाय और स्वतंत्रता को महत्व देती है, जिसमें एक काउंटर-कल्चरल टच है जिसने एक आमंत्रित और आरामदेह माहौल बनाया। कॉर्पोरेट नेताओं, धार्मिक अधिकारियों, निपुण पेशेवरों, व्यापार जगत के दिग्गजों, सामाजिक परोपकारी लोगों और शुभचिंतकों व हाजी अली व माहिम दरगाह के ट्रस्टी सुहैल खंडवानी, मुफ़्ती मंजूर ज़ियाई, दै मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय एल. दूबे सहित विभिन्न क्षेत्रों के मेहमानों ने इस अवसर पर अपनी गरिमामय उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। मेहमानों को एक बेहतरीन इफ्तार परोसा गया, जिसे पारंपरिक स्वादों के साथ परिष्कृत लजीज स्पर्श के साथ मिलाकर तैयार किया गया था। एक प्रतिभाशाली मैंडोलिन कलाकार की भावपूर्ण धुनों ने इस अनुभव को और भी बढ़ा दिया, जिसने शाम के लिए एक शांत माहौल तैयार किया। एक अरबी सुलेख कलाकार ने भी प्रत्येक अतिथि के नाम को हाथ से लिखकर एक व्यक्तिगत स्पर्श जोड़ा, जिससे यह कार्यक्रम और भी खास हो गया। पेंटागन इवेंट्स एंड एक्टिवेशन्स के सह-संस्थापक रियाज सईद और खुशबू वैद ने कहा, 'यह शाम हमारे आभार व्यक्त करने और रमजान की पोषित परंपरा को साझा करने का हमारा तरीका है।' यह शाम न केवल भोजन का उत्सव थी, बल्कि रिश्तों, प्रशंसा और साझा सफलता का भी उत्सव थी, जिसने अविस्मरणीय अनुभव बनाने के लिए पेंटागन के समर्पण की पुष्टि की। इस दौरान नातिकविजन द्वारा परवेज इकबाल नातिक ने फोटोग्राफी के जरिए सभी मेहमानों की तस्वीर अपने कैमरे में कैद किया।




मुंबई हलचल

मुंबई, सोमवार
31 मार्च, 2025



# Eid

## MUBARAK



# दिलशाद एस. खान

**संपादक - दै. मुंबई हलचल**

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र अध्यक्ष व प्रभारी (एबीपीएसएस)